समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Sunday, 20 September 2026

# IND vs ENG: टीम इंडिया के होटल के बाहर मिला संदिग्ध पैकेट, खिलाड़ियों को बाहर निकलने से रोका गया।

Publisher Published on 02 Jul 2025




## बर्मिंघम टेस्ट से पहले टीम इंडिया के होटल के बाहर मिली संदिग्ध वस्तु, खिलाड़ियों को होटल के अंदर रहने की सलाह, पुलिस ने इलाके को खाली कराया।

**बर्मिंघम मे सुरक्षा अलर्ट, टीम इंडिया होटल मे सुरक्षित**

**IND vs ENG:** भारत और इंग्लैंड के बीच **5 मैचों की टेस्ट सीरीज** खेली जा रही है। इस सीरीज का **दूसरा टेस्ट मुकाबला 2 जुलाई से 6 जुलाई 2025 तक बर्मिंघम के एजबेस्टन स्टेडियम** में खेला जाएगा। लेकिन इससे ठीक पहले भारतीय क्रिकेट टीम को लेकर एक **सुरक्षा अलर्ट** सामने आया है।

टीम इंडिया जिस होटल में ठहरी हुई है, उसके नजदीक **सेटेंनरी स्क्वायर** में **एक संदिग्ध पैकेट** मिलने के बाद हड़कंप मच गया। **बर्मिंघम सिटी पुलिस** ने एहतियात के तौर पर क्षेत्र को सील कर दिया और कई इमारतों को खाली करवा दिया है।

**खिलाड़ियों को बाहर निकलने से मना किया गया**

**BCCI सूत्रों** के हवाले से खबर है कि **पुलिस की सोशल मीडिया चेतावनी** के बाद खिलाड़ियों को **होटल के भीतर ही रहने की सलाह दी गई है**। आमतौर पर खिलाड़ी होटल के पास ब्रॉड स्ट्रीट जैसी जगहों पर टहलने जाते हैं, लेकिन इस घटना के बाद सबको होटल में ही रहने को कहा गया है।

**शुभमन गिल के नेतृत्व मे भारत को जीत की उम्मीद**

टीम इंडिया के कप्तान **शुभमन गिल** के नेतृत्व में मंगलवार को 8 खिलाड़ियों ने **एजबेस्टन स्टेडियम मे अंभ्यास किया,** जबकि बाकी 10 खिलाड़ियों ने आराम किया। सीरीज में इंग्लैंड **पहले टेस्ट मे भारत को 5 विकेट से हराकर 1-0 से आगे है**।

गौरतलब है कि भारत ने **पिछले 48 वर्षों मे एंजबेस्टन मैदान पर सिर्फ एक बार टेस्ट मैच जीता है**। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या शुभमन की अगुवाई में टीम इंडिया इतिहास रच पाती है या नहीं।

**बर्मिंघम पुलिस की आधिकारिक चेतावनी**

**बर्मिंघम पुलिस ने X (ट्विटर) पर लिखा :**

"हमने सिटी सेंटर के स्क्वायर क्षेत्र को घेर लिया है और एक संदिग्ध पैकेट की जांच कर रहे हैं। हमें यह जानकारी दोपहर 3 बजे से पहले मिली थी। एहतियात के तौर पर कुछ इमारतों को खाली किया गया है। कृपया इस क्षेत्र से दूर रहें।"

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.